MOTION®

# CBSE PAPER - 1
# CLASS - X
# HINDI

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

**सामान्य निर्देशः**

**1.** इस प्रश्न–पत्र में दो खंड है– खंड 'अ' और 'ब'।

**2.** खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**3.** खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

**4.** निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।

**5.** दोनों खंड़ो के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

**6.** यथासंभव दोनों खंड़ों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड 'अ'
(वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** **निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **[1 × 5 = 5]**

पर्यावरण के समृद्ध और स्वस्थ होने से ही हमारा जीवन भी समृद्ध और सुखी होता है। हमारे पूर्वज प्रकृति की दैवीशक्ति के रूप में उपासना करते थे, उसे 'परमेश्वरी' भी कहते थे। उन्होनें पर्यावरण पर बहुत गहन चिंतन किया। जो कुछ पर्यावरण के लिए हानिकारक था, उसे आसुरी प्रवृत्ति कहा और जो हितकर था, उसे दैवी प्रवृत्ति माना। भारत के पुराने ग्रंथो में वृक्षों और वनों का चित्रण पृथ्वी के रक्षकवस्त्रों के रूप में किया गया है। उनको संतान की तरह पाला जाता था और हरे–भरे पेड़ो को अपने किसी स्वार्थ के लिए काटना पाप कहा जाता था। अनावश्यक रूप से पेड़ो को काटने पर दंड का विधान भी था। मनुष्य यह समझता है कि समस्त प्राकृतिक संपदा पर केवल उसी का आधिपत्य है। हम जैसा चाहे इसका उपभोग करें। इसी भोगवादी प्रवृत्ति के कारण मानव ने इसका इस हद तक शोषण कर लिया है कि अब उसका अस्तित्व ही संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिक बार–बार चेतावनी दे रहे है कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करो, अन्यथा मानव जाति नहीं बच पाएगी। भारतीय संस्कृति में वृक्षों की रक्षा के महत्व को 'तुलसी और पीपल' के उदाहरणों से समझा जा सकता है। इन जीवनपयोगी वृक्षों की देवी–देवता के समान ही पूजा की जाती है। पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष को परमरक्षक और मित्र बताया गया है। यह हमें अमृत प्रदान करता है, दूषित वायु को स्वयं ग्रहण करके हमें प्राणवायु देता है, मरूस्थल का नियंत्रक होता है, नदियों की बाढ़ को रोकता है और जलवायु को स्वच्छ बनाता है; इसलिए हमें वृक्षमित्र होकर जीवनयापन करना चाहिए।

**(i)** पूर्वजों ने आसुरी प्रवृत्ति किसे माना है –

(A) जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है
(B) जो पर्यावरण के लिए हितकर है
(C) जो जन–कल्याणकारी है
(D) जो देवताओं के विरूद्ध है।

**(ii)** भारत के प्राचीन ग्रंथों में वृक्षों और वनों का चित्रण किस रूप में किया है –

(A) रमणीय स्थलों के रूप में
(B) पृथ्वी के रक्षक वस्त्रों के रूप में
(C) आश्रमों के रूप में
(D) जीवन रक्षकों के रूप में।

**(iii)** निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) - भारत में वृक्षों को संतान की तरह पाला जाता था।
कारण (R) – पेड़ों को काटना पाप कहा जाता था।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(B) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(C) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(iv)** भारतीय संस्कृति में वृक्षों की रक्षा के महत्त्व को किसके उदाहरण से समझा जा सकता है –
(A) नीम और जामुन के
(B) आम और अमरूद के
(C) तुलसी और पीपल के
(D) अदरक और हल्दी के।

**(v)** पर्यावरण की दृष्टि से वृक्ष हमारे लिए है –
(A) परमरक्षक और मित्र
(B) अत्याधिक हानिकारक
(C) बिलकुल अनुपयोगी
(D) इनमें से कोई नहीं।

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – [1 × 5 = 5]**

प्रकृति ने मानव–जीवन को बहुत सरल बनाया है, किंतु आज का मानव अपने जीवन–काल में ही पूरी दुनिया की सुख–समृद्धि बटोर लेने के प्रयास में उसको जटिल बनाता जा रहा है। इस जटिलता के कारण संसार में धनी–निर्धन, सत्ताधीश–सत्ताच्युत, संतानवान्–निस्संतान सभी सुख–शांति की चाह तो रखते है, किंतु राह पकड़ते है आह भरने की। मरू–मरीचिका के मैदान में जल की, धधकती आग में शीतलता की चाह रखते है। विद्वानों का विचार है कि संसार में सुख का मार्गक है – आत्मसंयम। किंतु मानव इस मार्ग को भूलकर सांसारिक पदार्थों में, इंद्रिय विषयों की प्राप्ति में आनंद ढूँढ रहा है –परिणामतः दुःख के सागर में डूबता जा रहा है। आत्मसंयम का मार्ग अपने में बहुत स्पष्ट है, उसकी उपादेयता किसी भी काल में कम नहीं होती। इंद्रिय–विषयों का संयम ही आत्मसंयम है। भौतिक पदार्थों के प्रति इंद्रियों का प्रबल आकर्षण मानवीय दुःखों का मूल कारण माना गया है। उपभोक्तावादी संस्कृति के फैलाव से यह आकर्षण तीव्र से तीव्रतर होता जा रहा है। पर ऐसी स्थिति में याद रखना आवश्यक है कि ये भौतिक पदार्थ सुख तो दे सकते है, आनंद नहीं। आनंद का निर्झर तो आत्मसंयम से फूटता है। उसकी मिठास अनिर्वचनीय और अनुपम होती है। इस मिठास के सम्मुख धन–संपत्ति, सत्ता, सौंदर्य का सुख, सागर के खारे पानी जैसा लगने लगता है।

**(i)** प्रकृति ने मानव–जीवन को कैसा बनाया है –
(A) बहुत सरल
(B) बहुत जटिल
(C) बहुत सुखद
(D) बहुत दुःखद।

**(ii)** 'मरू–मरीचिका के मैदान में जल की चाह' का क्या अभिप्राय है –
(A) धूप में छाँव की इच्छा
(B) रेगिस्तान में जल की इच्छा
(C) इंद्रिय–विषयों में सुख की इच्छा
(D) भूख में भोजन की इच्छा।

**(iii)** निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –
कथन (A) – प्रकृति ने मानव–जीवन को बहुत जटिल बनाया है।
कारण (R) – मानव उसे सरल बनाता जा रहा है।
(A) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(B) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(C) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

**(iv)** मनुष्य के दुख का मूल कारण है –
(A) अधिक भोजन करना
(B) अधिक व्रत–उपवास
(C) भौतिक पदार्थों के प्रति इंद्रियों का आकर्षण
(D) इंद्रियों को वश में रखना।

**(v)** आत्मसंयम की उपादेयता है –
(A) मन पर अधिकार
(B) शारीरिक सबलता
(C) मानसिक दुर्बलता
(D) सच्चे आनंद की प्राप्ति।

**3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1 × 4 = 4]**

**(i)** '<u>सातवीं–आठवीं के कुछ विद्यार्थी</u> हमें उनके बारे में बताया करते थे।' रेखाकिंत पदबंध है –
(A) संज्ञा पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध
(D) क्रियाविशेषण पदबंध।

**(ii)** 'बड़े–बड़े बिल्डर कई सालों से समंदर को पीछे ढकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।' –
(A) बड़े–बड़े बिल्डर
(B) पीछे ढकेलकर
(C) उसकी ज़मीन को
(D) हथिया रहे थे।
उपर्युक्त पदबंधों में से क्रियाविशेषण पदबंध का/के उदाहरण है/हैं–
(A) केवल (ग)
(B) केवल (ख)
(C) (ख) और (घ)
(D) (क) और (ग)

**(iii)** 'वह महिमामय व्यक्तित्व पूरी तरह उसकी आत्मा में उतर चुका है।'–इस वाक्य में क्रिया पदबंध है –
(A) वह महिमामय व्यक्तित्व
(B) पूरी तरह उसकी
(C) उसकी आत्मा में
(D) उतर चुका है।

**(iv)** 'क्षितीश चटर्जी का फटा हुआ सिर देखकर आँख मिच जाती थी।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है –
(A) सर्वनाम पदबंध (B) संज्ञा पदबंध (C) विशेषण पदबंध (D) क्रियाविशेषण पदबंध।

**(v)** 'अंगेजों की आँखों में धूल झोंकने वाला वह आजमगढ की तरफ भाग गया।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है –
(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध (C) विशेषण पदबंध (D) क्रियाविशेषण पदबंध।

**4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1 × 4 = 4]**

**(i)** कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए –

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | जहाँ खतरा है तुम वहाँ मत जाओ। | (i) | सरल वाक्य |
| 2 | कुत्ते रात में भौंकते है। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| 3 | बाजार जाओ और कुछ फल ले आओ। | (iii) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प–**
(A) 1(i) 2(ii) 3(iii) (B) 1(iii) 2(i) 3(ii)
(C) 1(ii) 2(iii) 3(i) (D) 1(ii) 2(i) 2(iii)

**(ii)** निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य नहीं है –
(A) उन्होनें डोर पकड़ ली और होस्टल की तरफ दौड़।
(B) हम और तुम इसके बारे में कुछ नहीं जानते।
(C) बड़े–बड़े विद्‌वान भी उनकी मातहती में काम करते है।
(D) लोग आठवीं पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।

**(iii)** 'हरिहर काका के प्रति मेरी आसक्ति के अनेक व्यावहारिक और वैचारिक कारण है।'–रचना की दृष्टि से वाक्य–भेद लिखिए –
(A) मिश्र वाक्य (B) सरल वाक्य (C) संयुक्त वाक्य (D) सामान्य वाक्य।

**(iv)** 'जब वह पहली बार इस शहर में आया था तो वह भी बिलकुल बच्चा था।'–रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए–
(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य (C) मिश्र वाक्य (D) विधानवाचक वाक्य।

**(v)** 'मैं प्रातःकाल नाश्ता करके पढ़ने बैठ जाता हूँ।'–इस वाक्य का मिश्र वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है –
(A) प्रातःकाल नाश्ता करने के बाद में पढ़ने बैठ जाता हूँ।
(B) मैं प्रातःकाल नाश्ता करता और पढ़ने बैठ जाता हूँ।
(C) जब मैं प्रातःकाल नाश्ता कर लेता तब पढ़ने बैठ जाता हूँ।
(D) मैं प्रातःकाल नाश्ता करने के बाद ही पढ़ने बैठ जाता हूँ।

**5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1 × 4 = 4]**

**(i)**

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| 1 | नरोतम | (i) | कर्मधारय वाक्य |
| 2 | दाल–भात | (ii) | द्‌वंद्‌व वाक्य |
| 3 | महापुरूष | (iii) | कर्मधारय वाक्य |
| 4 | नवरत्न | (iv) | बहुव्रीहि समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित है –
(A) (i) और (iii) (B) (ii) और (iii) (C) (iii) और (iv) (D) (ii) और (iv)

**(ii)** 'गृहप्रवेश' समस्तपद कौन–से समास का उदाहरण है –
(A) तत्पुरूष समास (B) अव्ययीभाव समास (C) कर्मधारय समास (D) बहुव्रीहि समास।

**(iii)** किस समास में पूर्वपद प्रधान होता है –
(A) द्‌विगु समास (B) द्‌वंद्‌व समास (C) अव्ययीभाव समास (D) कर्मधारय समास।

**(iv)** 'भाग्यहीन' शब्द किस समास का उदाहरण है –
(A) द्‌वंद्‌व समास (B) अव्ययीभाव समास (C) बहुव्रीहि समास (D) तत्पुरूष समास।

**(v)** 'रचनाकार' शब्द किस समास का उदाहरण है –
(A) तत्पुरूष समास (B) अव्ययीभाव समास (C) द्‌वंद्‌व समास (D) बहुव्रीहि समास।

**6.** **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **[1 × 4 = 4]**

**(i)** 'मेरे दरजे में आओगे तो .............. जाएगा'। रिक्त स्थान की पूर्ति नीचे दिए गए उपयुक्त मुहावरे से कीजिए –
(A) किस्सा खत्म होना (B) काम तमाम होना (C) गाँठ बाँध लेना (D) दाँतों पसीना आना।

**(ii)** 'मास्टर प्रीतम चंद छोटी–छोटी बातों में छात्रों की ............. तैयार रहते थे।'– रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए–
(A) चमड़ी उधेड़ना (B) नज़र रखना (C) हाथों में लेना (D) नामोनिशान मिटाना।

**(iii)** 'अपमानित करना'– अर्थ के लिए सही मुहावरा है –
(A) पानी उतरना (B) नीचा दिखाना (C) घुटने टेकना (D) टोपी उछलना।

**(iv)** 'एकमात्र सहारा'– अर्थ के लिए सही मुहावरा है –
(A) अंधे की लाठी (B) आँख का तारा (C) अँधरे घर का उजाला (D) गुदड़ी का लाल।

**(v)** 'बहुत खुश होना'– अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन–सा है –
(A) हाथ–पाँव फूल जाना (B) फूलकर कुप्पा हो जाना
(C) सातवें आसमान पर होना (D) फूटी आँख न सुहाना।

**(vi)** 'बड़े भाई साहब ऐसी–ऐसी लगती बातें कहते कि मेरी .................... जाती।' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए –
(A) तूती बोलना (B) खून खौलना (C) हिम्मत टूटना (D) दिल पसीजना।

**7.** **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –** **[1 × 5 = 5]**

स्याम म्हाने चाकर राखो जी,
गिरधारी लाला म्हाँने चाकर राखोजी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ।
बिन्दरावन री कुंज गली में, गोविन्द लीला गास्यूँ।
चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची।
भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनूं बातों सरसी।
मेर मुगट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
उँचा उँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साड़ी।
आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यों जमनाजी रे तीराँ।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ।।

**(i)** मीरा कृष्ण से क्या प्रार्थना कर रही है –
(A) उनकी पीड़ा दूर करने की (B) सेविका के रूप में स्वीकार करने की
(C) प्रेमिका के रूप में स्वीकार करने की (D) उन्हें अपने पास रखने की।

**(ii)** कृष्ण की सेविका बनकर मीरा क्या करना चाहती है –
(A) बाग सजाना, दर्शन करना, गीत गाना (B) प्रशंसा के गीत गाना और गोकुल में रहना
(C) रोज उठकर उनके दर्शन करना और रोना (D) उनकी याद में रोना, दर्शन करना, गीत गाना।

**(iii)** मीरा वृंदावन की गलियों में –
(A) कृष्ण से मिलना चाहती है (B) कृष्ण का गुणगान करना चाहती है
(C) कृष्ण को उलाहना देना चाहती है (D) कृष्ण की प्रतीक्षा करना चाहती है।

**(iv)** कृष्ण की भाव–भक्ति में डूबना किसके समान है –
(A) सुख और वैभव के समान (B) मान–सम्मान के समान
(C) धन–दौलत के समान (D) धन और सम्मान के समान।

**(v)** वृंदावन में कौन गाय चरा रहा है –
(A) बलराम (B) सुदामा (C) ग्वाला (D) श्रीकृष्ण।

**8.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–** **[1 × 2 = 2]**

**(i)** कबीर ने किसे पास रखने के लिए कहा है –
(A) निंदक को (B) प्रशंसक को (C) मित्र को (D) शत्रु को।

**(ii)** सरस्वती जी किसकी कथा बखानती है –
(A) कवि की (B) लेखक की (C) राजा की (D) उदार व्यक्ति की।

**9.** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – [1 × 5 = 5]**
सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया। कुछ देर बाद ही स्त्रियाँ जुलूस बनाकर वहाँ से चली। साथ में बहुत भीड़ इकठ्ठी हो गई। बीच में पुलिस कुछ ठंडी पड़ी थी, उसने फिर डंडे चलाने शुरू कर दिए। अबकी बार भीड़ ज्यादा होने के कारण बहुत आदमी घायल हुए। धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया और करीब 50-60 स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गई। पुलिस ने उनको पकड़कर लालबाजार भेज दिया। स्त्रियों का एक भाग आगे बढ़ा जिसका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रही थी। उनको बहूबाज़ार के मोड़ पर रोका गया और वे वहीं मोड़ पर बैठ गई। आस–पास बहुत भीड़ इकठ्ठी हो गई, जिस पर पुलिस बीच–बीच में लाठी चलाती थी।

**(i)** किसे पकड़ लिया गया –
(A) पूर्णोदास को (B) बृजलाल गोयनका को (C) सुभाष बाबू को (D) मदालसा को।

**(ii)** जुलूस टूटने के कारणों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए –
(i) जुलूस का कमजोर होना (ii) नेतृत्व का अभाव
(iii) पुलिस की मार (iv) एकता का अभाव।
(A) (i) और (ii) (B) (ii) और (iii) (C) (iii) और (iv) (D) केवल (iv)

**(iii)** निम्नलिखित कथन–कारण को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए –
कथन (A) – कुछ देर बाद स्त्रियाँ जुलूस बनाकर वहाँ से चली।
कारण (R) – उन सबको गिरफ्तार कर लिया गया।
(A) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(B) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(C) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(D) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

**(iv)** स्त्रियों का नेतृत्व कौन कर रहा था –
(A) मदालसा (B) विमल प्रतिभा (C) सुजाता (D) नीलम गोयल।

**(v)** स्त्रियों के जुलूस को कहाँ रोका गया –
(A) धर्मतल्ले के मोड़ पर (B) लालबाजार में
(C) पीली कोठी पर (D) बहूबाज़ार के मोड़ पर।

**10.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए– [1 × 2 = 2]**
**(i)** निम्नलिखित में कौन–से वाक्य 'बड़े भाई साहब' से मेल खाते है –
(i) बड़े होने का दायित्व निभाना चाहिए।
(ii) अनुभव ही सबसे बड़ा ज्ञान है।
(iii) छोटों को सीख देने के लिए बड़ों को आदर्शवादी बनना पड़ता है।
(iv) बड़ों के नियंत्रण में नहीं रहना चाहिए।
(A) (i) और (ii) (B) (i) और (iv) (C) (ii) और (iii) (D) (i), (ii) और (iii)

**(ii)** दिल ढलने से पहले तताँरा कहाँ पहुँच गया –
(A) अपने गाँव (B) वामीरों के गाँव (C) समुद्री चट्टान पर (D) अपने कार्यस्थल पर।

## खंड 'ब'
**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**11.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए – [3 × 2 = 6]**
**(i)** 'आज की जो बात थी वह निराली थी'– किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आपमें निराला है ? स्पष्ट कीजिए।

**(ii)** पशु–पर्व में अपने क्रोध को शांत करने के लिए तताँरा ने क्या किया ? उसकी प्रतिक्रिया के पक्ष या विपक्ष में तर्कसम्मत उत्तर दीजिए।

**(iii)** 'तीसरी कसम' फिल्म को 'सैल्यूलाइड पर लिखी कविता' क्यों कहा गया ?

**12.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –** **[3 × 2 = 6]**

**(i)** मीरा श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है ? स्पष्ट कीजिए।

**(ii)** 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

**अथवा**

'मनुष्यता' कविता का प्रतिपाद्य लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

**(iii)** 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है ? कवि ने इस शब्द का प्रयोग यहाँ क्यों किया है ?

**13.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –** **[3 × 2 = 6]**

**(i)** यदि आपके आस–पास हरिहर काका जैसी हालत में कोई हो तो आप उसकी किस प्रकार मदद करेगें ?

**(ii)** "वर्तमान में विद्यालयों में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता को देखते हुए मास्टर प्रीतमचंद जैसे अध्यापकों की आवश्यकता है।" इस कथन से सहमति या असहमति के संबंध में अपने तर्कसम्मत विचार लिखिए।

**(iii)** इफ़्फ़न, टोपी शुक्ला की कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा किस तरह से है ?

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – [5 × 1 = 5]**

**(i)** प्रकृति की रक्षा मानव की सुरक्षा

**(ii)** भारत के गाँव / ग्रामीण जीवन और भारत

**(iii)** करत–करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान

**15.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए –**

**1.** आप अर्णव / अरनी है और क०ख०ग० नगर के / की निवासी है। आपके क्षेत्र के बाज़ारों में प्रतिबंधित होने के बावजूद प्लास्टिक थैलियों का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए नगर निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

'सर्वशिक्षा अभियान' के अंतर्गत चल रहे रात्रिकालीन शिक्षण केंद्रों में प्रौढ़ो को पढ़ाने के लिए अंशकालिक शिक्षकों की आवश्यकता है, जो कम–से–कम सैकेंडरी तक पढ़े हो। इस कार्य के लिए निदेशक प्रौढ़–शिक्षा, जयपुर, राजस्थान को आवेदन–पत्र लिखिए। **[5]**

**16.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए –**

**1.** रामजस पब्लिक स्कूल दिनांक 12 फरवरी, 2024 को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बंद रहेगा। इस आशय की सूचना जारी करें। **[4]**

**अथवा**

विद्यालय द्वारा चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थय संगठन के सचिव होने के नाते कक्षा छठी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के विवरण सहित इसकी सूचना प्रदान कीजिए।

**17.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए –**

**1.** हिंदी की पुस्तकों की प्रदर्शनी में आधे मूल्य पर बिक रही महत्वपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए। **[3]**

**अथवा**

सड़क पर टहलते हुए आपको एक बैग मिला, जिसमें कुछ रूपये, मोबाइल फोन तथा अन्य कई महत्वपूर्ण कागज़ात थे। लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए कि अधिकारी व्यक्ति सम्पर्क कर अपना बैग ले जाए।

**18.** **'समाधान' विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा–लेखन कीजिए।** **[5]**

**अथवा**

अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए चार दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को ई–मेल लिखिए।

(शब्द–सीमा लगभग 100 शब्द)